SHRI GULABRAO ESHWARA KHANDVE EDUCATIONAL FOUNDATION

# JAGADGURU INTERNATIONAL SCHOOL, LOHEGAON, PUNE

## TERM - 1 EXAM (2024-2025)

**Grade – VII** | **Time: - 3 Hours**
**Subject: - Hindi** | **M. Marks: - 80**
**Date: - 19/09/2024** | **Roll No. _____**

निर्देशः
1 इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड हैं क, ख, ग, घ।
2 चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3 यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

| खण्ड 'क' ( बहुविकल्पी प्रश्न) | | |
|---|---|---|
| प्रश्न.1) | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। ( कुल भार 7) | कुल भार |
| | एक जंगल में परिजात का एक पेड़ था। परिजात का कोई मुकाबला नहीं था। उसकी सुंदरता बेजोड़ थी। उसका रंग-रूप निराला था। परिजात को भी अपने गुणों का पूरा-पूरा पता था।नीले आसमान में सिर उठाए इस शान से खड़ा रहता, मानों पेड़ों का सरताज हो। जब बहार के दिन आते तो परिजात अनगिनत नन्हें-नन्हें फूलों से लद जाता, लगता मानों किसी ने आकाश से सारे तारे तोड़कर परिजात की शाखाओं पर टाँग दिए हो। नन्हें फूलों से झिलमिलाता परिजात जब सुगंध भरी पराग जंगल में बिखेरता तो जंगल नंदनबन जाता।चुंबक की तरह परिजात सबको अपनी तरफ़ खींचता, जिसे देखो, वही परिजात की ओर भागता हैं। सतरंगी शालें ओढ़े चटकीली तितलियाँ सहेलियों के साथ झुंड का झुंड बनाकर परिजात का श्रृंगार देखने आतीं तथा जाते-जाते फूलों को खींचकर ढेरों पराग अपने साथ ले जाती।परिजात एक प्रकार का कल्पवृक्ष है, कहा जाता हैं यह केवल स्वर्ग में होता है।जो कोई इस पेड़ के नीचे मनोकामना करता है, वह ज़रूर पूरी होती है। | |
| क) | जंगल में किसका पेड़ था? | (1) |
| i) | नीम    ii) परिजात    iii) पीपल    iv) आम | |
| ख) | परिजात अनगिनत फूलों से कब लद जाता है? | (1) |
| i) | सरदी में    ii) पतझड़ में    iii) वर्षा में    iv) बहार में | |
| ग) | तितलियाँ क्या करती हैं? | (1) |
| i) | उसके फूलों का पराग ले लेती हैं।    ii) फूल ले जाती हैं। | |
| iii) | डाली पर गाना गाती हैं।    iv) फूलों पर नृत्य करती हैं। | |
| घ) | परिजात के द्वारा जंगल में क्या बिखेरने पर जंगल का नंदनबन जाता हैं? | (2) |
| ङ) | परिजात के बारे में क्या कहा जाता हैं? | (2) |
| प्रश्न.2) | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। ( कुल भार 7) | |
| | स्वतंत्र भारत का संपूर्ण दायित्व आज विद्यार्थियों के कंधों पर हैं।ऐसा इसलिए कहा जाता हैं क्योंकि आज के विद्यार्थी कल के नागरिक हैं।हमारे भारत देश का उत्थान उन्हीं विद्यार्थियों की उन्नति और उत्थान पर निर्भर करता है।यदि आज के विद्यार्थियों को सही मार्ग मिल जाता है, देश | |

| | | |
|---|---|---|
| | को प्रगति के पथ पर अग्रसर होने से कोई नहीं रोक सकता। आज के विद्यार्थी जब हर परिस्थिति से लड़ने के लिए अपने आपको योग्य बनाएँगे तो ही वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्वगुरू बनेगा। अतः विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने भविष्य और अपने भावी जीवन का निर्माण बड़ी सतर्कता और सावधानी के साथ करें। उन्हें प्रत्येक क्षण अपने राष्ट्र, अपने धर्म, अपनी संस्कृति को अपनी आँखों के सामने रखना चाहिए। जिससे उनके जीवन से राष्ट्र को सकारात्मक उर्जा प्राप्त हो सके। जो विद्यार्थी राष्ट्रीय दृष्टिकोण से अपने जीवन का निर्माण नहीं करते, वे राष्ट्र और समाज के लिए बोझ बन जाते हैं। | |
| क) | स्वतंत्र भारत का संपूर्ण दायित्व किसके कंधों पर हैं ? | (1) |
| i) | बड़े - बुजुर्ग ii) देश के युवा iii) आज के विद्यार्थी iv) आम जनता | |
| ख) | भारत को विश्वगुरू बनने के लिए किसकी आवश्यकता हैं? | (1) |
| i) | विद्यार्थी का निराश होकर बैठ जाने की। | |
| ii) | विद्यार्थी का प्रगति पथ पर बढ़ने की। | |
| iii) | विद्यार्थी का हर परिस्थिति से लड़ने की क्षमता रखने की। | |
| iv) | विद्यार्थी का घबरा जाने की। | |
| ग) | आज के विद्यार्थियों को सही मार्ग मिल जाता है, देश का क्या होगा? | (1) |
| i) | देश की अधोगति होगी। | |
| ii) | देश अपने मार्ग से भटक जाएगा। | |
| iii) | देश में खुशी छा जाएगी। | |
| iv) | देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर होने से कोई नहीं रोक सकता। | |
| घ) | कैसे विद्यार्थी राष्ट्र और समाज के लिए बोझ बन जाते हैं? | (2) |
| ङ) | विद्यार्थियों को अपने भविष्य और अपने भावी जीवन का निर्माण कैसे करना चाहिए और क्यों? | (2) |
| | **खण्ड 'ख' (व्याकरण)** | |
| प्रश्न.3) क) | नीचे दिए गए मूल शब्दों में उचित **उपसर्ग** लगाकर **नए अर्थपूर्ण** शब्द बनाइए।<br>1) गुण 2) पुत्र | (2) |
| ख) | नीचे दिए गए **मुहावरों** का वाक्य में प्रयोग करें।<br>1) दाल में काला होना। 2) गुस्से से उबलना। | (2) |
| ग) | नीचे दिए गए शब्दों के लिए **दो-दो पर्यायवाची** शब्द लिखिए। ( कोई दो )<br>1) कोयल 2) किनारा 3) कमल | (2) |
| घ) | नीचे दिए गए शब्दों के **विलोम शब्द** लिखिए।<br>1) कुटिल 2) अनाथ | (2) |
| ङ) | अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। ( **वाक्यांश**)<br>1) जिसके हृदय में ममता न हो - ...............<br>2) पत्तों से बनी हुई कुटी - ............ | (2) |
| च) | निम्नलिखित वाक्यों में से **विशेषण शब्द** छाँटकर लिखिए।<br>1) मुझे भी पीने के लिए थोड़ा-सा पानी देना। | (2) |

| | | |
|---|---|---|
| | **2**) टूटी-फूटी झोपड़ी के बाहर खड़ा होकर वह सोचने लगा, ज़िंदगी भी परीक्षा लेती है। | |
| छ) | नीचे दिए गए वाक्य में **सर्वनाम** शब्द छाँटकर लिखिए।<br>रोहन ने मुझसे कहा था कि, बाहर मत जाना। | **(1)** |
| ज) | निम्नलिखित वाक्य में उचित **विराम चिह्नों** का प्रयोग कर वाक्य दोबारा लिखिए।<br>ऊँची ऊँची इमारतें देखकर रमेश ने कहा अकसर यह सब हमें शहरों में देखने के लिए मिलता है | **(2)** |
| झ) | नीचे दिए गए **अलंकार** का उपयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।<br>फूल-सा चेहरा | **(1)** |
| | खण्ड 'ग' (साहित्य) | |
| प्रश्न.4) | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। ( कुल भार 5)** | |
| | यासुकी - चान को पोलियो था, इसलिए वह न तो किसी पेड़ पर चढ़ पाता था और न किसी पेड़ को निजी संपत्ति मानता था। अतः तोतो - चान ने उसे अपने पेड़ पर चढ़ने के लिए आमंत्रित किया था। पर यह बात उन्होंने किसी से नहीं कही, क्योंकि अगर बड़े सुनते तो ज़रूर डाँटते पर घर से निकलते समय तोतो - चान ने माँ से कहा कि, वह यासुकी - चान के घर डेनेन चोफु जा रही है।चूँकि वह झूठ बोल रही थी, इसलिए उसेन माँ की आँखों में नहीं झाँका। वह अपनी नज़रे जूतों के फीतों पर गड़ाए रही।रॉकी उसके पीछे-पीछे स्टेशन तक आया।जाने से पहले उसे सच बताए बिना तोतो - चान से रहा नहीं गया। | |
| क) | यासुकी - चान को क्या बीमारी थी? | **(1)** |
| | i) पीलिया    ii) पोलियो    iii) बुखार    iv) कैंसर | |
| ख) | यासुकी - चान की क्या मजबूरी थी? | **(1)** |
| i) | वह ठीक से चल नहीं पाता था, पेड़ पर चढ़ना उसके लिए कठिन था। | |
| ii) | उसे कोई पेड़ पसंद न था। | |
| iii) | उसे मालूम था कि माली उसे पेड़ पर चढ़ने नहीं देगा। | |
| iv) | वह पेड़ को अपना दुश्मन समझता था। | |
| ग) | तोतो - चान ने यासुकी - चान को अपने पेड़ पर आमंत्रित करने की बात क्यों नहीं बताई? | **(1)** |
| i) | उसे डाँट पड़ जाती। | |
| ii) | तोतो - चान को पेड़ पर चढ़ाना आसान कार्य नहीं था। | |
| iii) | इस जोखि़म भरे कार्य से उसका जीवन भी मुश्किल में पड़ सकता है उसे यही डर था। | |
| iv) | उसका सब इंतज़ार कर रहे थे। | |
| घ) | तोतो - चान ने माँ से क्या झूठ बोला था? | **(1)** |
| i) | वह स्कूल जा रही है।    ii) वह अपने मित्र यासुकी - चान के घर जा रही है। | |
| iii) | वह अपने मित्र को चोटी पर घूमाएगी। iv) वह अपने मित्र द्वारा पेड़ पर चढ़ने हेतु आमंत्रित है। | |
| ङ) | तोतो - चान ने यासुकी - चान को पेड़ पर चढ़ाने की बात किससे कही? | **(1)** |
| | i) अपनी माँ को    ii) सभी बच्चों को    iii) रॉकी को    iv) अपने-आप से | |
| प्रश्न.5) | **निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (25 से 30 शब्दों में)**<br>**( कुल भार 6)** | |
| क) | मिठाईवाला अलग-अलग चीज़ें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था? | **(2)** |

| | | |
|---|---|---|
| ख) | पेड़ और खंभे में दोस्ती कैसे हुई? | **(2)** |
| ग) | काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है? | **(2)** |
| घ) | यासुकी – चान को अपने पेड़ पर चढ़ाने के लिए तोतो–चान ने अथक प्रयास क्यों किया? लिखिए। | **(2)** |
| **प्रश्न.6)** | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। ( कुल भार 5)** | |
| | आकाश का साफ़ा बाँधकर<br>सूरज की चिलम खींचता<br>बैठा है पहाड़<br>घुटनों पर पड़ी है नदी चादर–सी<br>पास ही दहक रही है<br>पलाश के जंगल की अँगीठी<br>अँधकार दूर पूर्व में<br>सिमटा बैठा है भेड़ों के गल्ले–सा। | |
| क) | 'शाम एक किसान' इस कविता में पहाड़ को किस रूप में दर्शाया गया है? | **(1)** |
| i) | किसान के रूप में      ii) एक बूढ़े के रूप में | |
| iii) | एक आदमी के रूप में      iv) एक बच्चे के रूप में | |
| ख) | आकाश को किस रूप में दिखाया गया है? | **(1)** |
| i) | किसान के हल के रूप में      ii) किसान के चिलम के रूप में | |
| iii) | किसान के साफ़े के रूप में      iv) किसान के घर के रूप में | |
| ग) | पहाड़ के चरणों में बहती नदी किस रूप में दिखाई देती हैं? | **(1)** |
| i) | चादर के रूप में      ii) रूमाल के रूप में | |
| iii) | साफ़े के रूप में      iv) आसमान के रूप में | |
| घ) | जंगल में खिले पलाश के फूल कैसे प्रतीत होते हैं? | **(1)** |
| i) | खिले बगीचे की भाँति      ii) जलती अँगीठी की भाँति | |
| iii) | सूर्य की लालिमा लिए      iv) पके फल की भाँति | |
| ङ) | अँधेरे की तुलना किससे की गई है? | **(1)** |
| i) | झुंड में बैठी भेड़ों से      ii) चिलम से | |
| iii) | आग से      iv) सुलगती आग से | |
| **प्रश्न.7)** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए। (25 से 30 शब्दों में) ( कुल भार 6)** | |
| क) | 'शाम–एक किसान' इस कविता में कवि ने शाम का वर्णन किस प्रकार किया है? विस्तारपूर्वक लिखिए। | **(2)** |
| ख) | पहली कठपुतली की बात दूसरी कठपुतलियों को क्यों अच्छी नहीं लगी? | **(2)** |
| ग) | पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन–कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं? | **(2)** |
| प्रश्न.8) | निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर</u> अपने शब्दों में लिखिए। (**50** से **60** शब्दों में)। **(2×3=6)** | |
| क) | कुंती ने भीम को बकासुर के पास क्यों नहीं भेजा? | **(3)** |
| ख) | युधिष्ठिर को बिना लड़ाई के जीत पाने का शकुनि ने क्या उपाय बताया? | **(3)** |

| | | |
|---|---|---|
| ग) | देवव्रत किस प्रतिज्ञा के कारण भीष्म कहलाए? | (3) |
| | खण्ड 'घ' (लेखन) | |
| प्रश्न.9) | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए।** (1×5=5)<br>• **हमारी वन संपदा**<br>संकेत बिंदु – वन प्रकृति की सौगात<br>– वन मानवी जीवन का आधार<br>– आधुनिक युग का वनों पर प्रभाव<br>**अथवा**<br>• **स्वच्छ भारत ः संपन्न भारत**<br>संकेत बिंदु – भारत की मूल परंपरा<br>– स्वच्छता आज प्रगति के लिए आवश्यक<br>– भारत का विकास स्वच्छता से संपन्नता की ओर | (5) |
| प्रश्न.10) | • तीन दिन के अवकाश हेतु आपके विद्यालय के प्रधानाचार्य को **प्रार्थना पत्र** लिखिए।<br>**अथवा**<br>• आपके विभाग के बिजली बोर्ड के मुख्याधिकारी को बार-बार बिजली चले जाने पर होने वाली मुश्किलों से अवगत करवाते हुए **पत्र** लिखिए। (1×5=5) | (5) |
| प्रश्न.11) | आपका बैडमिंटन विद्यालय के मैदान में खो गया है। इस विषय पर **लगभग 60 शब्दों में सूचना** लिखिए। (1×4=4) | (4) |
| प्रश्न.12) | आपके शहर में साइकिलों की एक नई दुकान खुली है जिसके विज्ञापन की ज़िम्मेदारी आपको दी गई है। दुकान की प्रसिद्धी करने के लिए **लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन** बनाइए। (1×3=3) | (3) |
| प्रश्न.13) | नीचे दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **लगभग 80 शब्दों में लघुकथा** लिखिए साथ ही उचित शीर्षक देकर कहानी से मिलने वाली सीख भी लिखिए। (1×5=5)<br>**संकेत बिंदु**<br>**शीर्षक** ................................................<br>• दो बिल्लियों को रास्ते में एक रोटी मिलना।<br>• दो बिल्लियों का आपस में एक रोटी के लिए झगड़ना।<br>• बंदर द्वारा दोनों बिल्लियों को मूर्ख बनाना।<br>• बंदर द्वारा तराजू की सहायता से अपना स्वार्थ साधना।<br>सीख ......................................................... | (5) |